भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 3176
गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रसाद परियोजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं**

**3176 श्री जग्गेश:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न सरकारी विभागों से कई-कई अनुमोदन प्राप्त करने की बाध्यता के कारण आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ के अंतर्गत परियोजनाओं का कार्यान्वयन धीमा हो जाता है;

(ख) क्या केंद्र और राज्य वित्त पोषण समन्वय पर निर्भरता के कारण बाधाएं उत्पन्न होती हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ के अंतर्गत सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार इस योजना के अंतर्गत परियोजनाओं में देरी को रोकने के लिए मंदिर प्राधिकारियों और अन्य संबंधित हितधारकों से पूर्व मंजूरी लेने के लिए कोई तंत्र शुरू करने की योजना बना रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' (एसडी) और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की जारी योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों को संपूरित करता है।

योजनाओं के तहत परियोजनाओं का विकास और समापन सफल निविदा प्रक्रिया, राज्य कार्यान्वयन एजेंसी की क्षमता, समय पर परियोजना के नियोजन और डिजाइनिंग, अपेक्षित दस्तावेजों की प्रस्तुति आदि जैसे विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है। स्वदेश दर्शन योजना और प्रशाद योजना के आध्यात्मिक पर्यटन परिपथ के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों के विवरण सहित परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

उपर्युक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाएं संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा कार्यान्वित की जाती हैं। पर्यटन मंत्रालय परियोजना की प्रगति की नियमित रूप से

निगरानी करता है और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को भी समयबद्ध तरीके से परियोजनाओं को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। पर्यटन मंत्रालय परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करने और इसमें तेजी लाने तथा राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को मार्गदर्शन देने के उद्देश्य से, केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति और मिशन निदेशालय की बैठकों सहित विभिन्न स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करता है।

पर्यटन मंत्रालय, प्रशाद योजना के तहत परियोजनाओं का अनुमोदन करते समय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों, स्थानीय निकायों, मंदिर न्यासों और संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों एवं अन्य हितधारकों सहित विभिन्न हितधारकों से परामर्श करता है। राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से अपेक्षा की जाती है कि वे विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के भाग के रूप में भार-मुक्त भूमि की उपलब्धता और अन्य आवश्यक स्वीकृतियां सुनिश्चित करते हुए निर्मित परिसंपत्तियों के सतत प्रचालन और रखरखाव के संबंध में अंडरटेकिंग दें।

*****

**अनुबंध**

श्री जग्गेश द्वारा प्रसाद परियोजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं के संबंध में दिनांक 27.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3176 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

**(i) स्वदेश दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों के नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** | **जारी राशि/ प्राधिकृत*** | **उपयोग की गई राशि** | **भौतिक स्थिति (%)** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | केरल | (2016-17) | केरल के पथ्थनमथिट्टा जिले में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला - एरुमेली - पम्पा - सन्निधानम का विकास | 46.54 | 33.39 | 36.27 | पूर्ण |
| 2. | मणिपुर | (2016-17) | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बंगशीबोदन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 | 45.33 | 43.04 | पूर्ण |
| 3. | केरल | (2016-17) | श्री पद्मनाभ मंदिर, अर्नामुला - सबरीमाला का विकास | 78.08 | 73.77 | 68.98 | पूर्ण |
| 4. | बिहार | (2016-17) | कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज - धर्मशाला - देवघर का विकास | 44.76 | 42.52 | 42.17 | पूर्ण |
| 5. | उत्तर प्रदेश | (2016-17) | अहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी | 71.91 | 69.63 | 69.63 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास | | | | |
| 6. | उत्तर प्रदेश | (2016-17) | बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अंबेडकरनगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास | 67.51 | 64.14 | 63.62 | पूर्ण |
| 7. | राजस्थान | (2016-17) | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) का विकास - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बांधे बालाजी) - विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर) - भरतपुर (कामन क्षेत्र) - धौलपुर (मुचकुंड) - मेहंदीपुर बालाजी - चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 | 75.03 | 75.03 | पूर्ण |
| 8. | पुडुचेरी | (2017-18) | कराईकल, यानम और पुडुचेरी का | 34.96 | 31.40 | 31.40 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | विकास | | | | |
| 9. | बिहार | (2017-18) | मंदार पहाड़ी और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 | 42.32 | 42.32 | पूर्ण |
| 10 | महाराष्ट्र | (2018-19) | वाकी - अडासा - धापेवाड़ा - परादसिंघा - छोटा ताजबाग - तेलनखंडी - गिराड़ का विकास | 45.47 | 43.19 | 38.24 | पूर्ण |
| 11. | उत्तर प्रदेश | (2018-19) | जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास | 12.03 | 11.43 | 11.69 | पूर्ण |
| 12. | उत्तर प्रदेश | (2018-19) | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) और वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 | 18.12 | 18.12 | पूर्ण |
| 13. | केरल | (2018-19) | शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुवीपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मणिया - चेम्बाझंती श्री नारायण गुरुकुलम विकास | 66.42 | 42.01 | 32.91 | जारी |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि सहित

**(ii) प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **राज्य** | **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत** | **जारी राशि/ प्राधिकृत*** | **भौतिक प्रगति%** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **आंध्र प्रदेश** | 1 | अमरावती में तीर्थ सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 | 27.77 | 100% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 | 43.08 | 100% |
| | 3 | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | 13.69 | 59% |
| | 4 | अन्नावरम मंदिर शहर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2024-25 | 25.33 | - | 0% |
| **अरुणाचल प्रदेश** | 5 | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 | 31.02 | 92% |
| **असम** | 6 | कामाख्या मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 | 29.80 | 100% |
| **बिहार** | 7 | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 29.62 | 29.62 | 100% |
| | 8 | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 | 3.63 | 100% |
| **छत्तीसगढ़** | 9 | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 | 40.19 | 90% |
| **गोवा** | 10 | बोम जीसस बेसिलिका का विकास | 2024-25 | 16.46 | - | 0% |
| **गुजरात** | 11 | द्वारका का विकास | 2016-17 | 10.46 | 10.46 | 100% |
| | 12 | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 | 45.36 | 100% |
| | 13 | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 | 47.12 | 100% |
| | 14 | अंबाजी मंदिर में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 | 35% |
| **हरियाणा** | 15 | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारे का विकास | 2019-20 | 48.53 | 34.68 | 74% |
| **जम्मू और कश्मीर** | 16 | हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 | 34.30 | 100% |
| **झारखंड** | 17 | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 | 34.95 | 100% |
| **कर्नाटक** | 18 | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर | 2023-24 | 45.71 | 0.00 | 0% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | | | | |
| **केरल** | 19 | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 | 45.19 | 100% |
| **मध्य प्रदेश** | 20 | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 34.73 | 89% |
| | 21 | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 | 100% |
| **महाराष्ट्र** | 22 | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 45.41 | 29.93 | 93% |
| **मेघालय** | 23 | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थस्थल सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 | 27.78 | 100% |
| **मिजोरम** | 24 | चिते वांग, ज़ुआंगताई, रईक और आइजोल में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 | 13.18 | 29% |
| **नागालैंड** | 25 | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐज़ुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थस्थल के अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 | 23.56 | 100% |
| | 26 | जुन्हेबोटो में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 15.45 | 72% |
| **ओडिशा** | 27 | पुरी में अवसंरचना विकास | 2014-15 | 50.00 | 10.00 | - |
| **पंजाब** | 28 | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 | 6.40 | 100% |
| | 29 | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 17.49 | 79% |
| **राजस्थान** | 30 | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 | 100% |
| | 31 | श्री करणी माता मंदिर, बीकानेर में विकास | 2024-25 | 22.58 | - | 0% |
| **सिक्किम** | 32 | चार संरक्षक संतों युकसोम में तीर्थस्थल सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 28.31 | 87% |
| **तमिलनाडु** | 33 | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 | 13.99 | 100% |
| | 34 | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 | 4.86 | 100% |
| **तेलंगाना** | 35 | जोगुलम्बा देवी मंदिर का | 2020-21 | 38.90 | 33.07 | 72% |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | | | |
| | 36 | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 32.73 | 37% |
| | 37 | भद्राचलम में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 8.43 | 29% |
| **त्रिपुरा** | 38 | त्रिपुर सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 34.43 | 28.01 | 79% |
| **उत्तर प्रदेश** | 39 | वाराणसी का विकास - चरण-I | 2015-16 | 18.73 | 18.73 | 100% |
| | 40 | मथुरा - वृंदावन का मेगा टूरिस्ट परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 | 10.98 | 100% |
| | 41 | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 | 9.02 | 100% |
| | 42 | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 | 9.36 | 100% |
| | 43 | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 | 31.77 | 100% |
| | 44 | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 | 30.97 | 100% |
| **उत्तराखंड** | 45 | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 | 34.77 | 100% |
| | 46 | बदरीनाथ जी धाम में तीर्थस्थल सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.15 | 38.38 | 85% |
| | 47 | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थस्थल पर बुनियादी सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 | 10.22 | 100% |
| **पश्चिम बंगाल** | 48 | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 | 100% |

* केन्द्रीय क्षेत्र की योजना के लिए टीएसए मॉडल I के माध्यम से सीएनए को प्राधिकृत राशि सहित

*****